देवराज नागर

आई0पी0एस0

अ0शा0 परिपत्र सं: डीजी- 15 /2013

पुलिस महानिदेशक

उत्तर प्रदेश

1, तिलक मार्ग, लखनऊ

दिनाँक: अप्रैल 29, 2013

प्रिय महोदय/महोदया

अनेकों बार स्पष्ट निर्देश दिये जाने के बाद भी जनपदों में घटित सनसनीखेज, महत्वपूर्ण एव संवेदनशील घटनाओं की सूचनायें समय से इस मुख्यालय को नहीं दी जा रही है । कई अवसरों पर तो यह भी देखा गया है कि न्यूज चैनलो पर तो समाचार प्रसारित हो जाते हैं पर सम्बन्धित जनपद द्वारा इस मुख्यालय को सूचना नहीं दी जाती । ऐसी स्थिति में जब शासन अथवा मीडिया द्वारा इन घटनाओं के संबंध में पूछ-ताछ की जाती है तो जानकारी के अभाव में यह मुख्यालय उनकी पृच्छाओं का सही समाधान नहीं कर पाता जिससे असहज स्थिति उत्पन्न होती है । जनपदों द्वारा सूचनाओं के प्रेषण में इस तरह की लापरवाही अत्यन्त खेदजनक है जिसमें तत्काल सुधार लाये जाने की आवश्यकता है ।

मै आप सबसे अपेक्षा करूँगा कि आप अपने जनपद में घटित घटनाओं की सूचना **तत्काल** इस मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष को भिजवाना सुनिश्चित करें तथा महत्वपूर्ण घटनाओं की सूचनायें मुझे सीधे फोन द्वारा भी जनपदीय पुलिस अधीक्षकों द्वारा दी जांय जिससे जनपदों में घटित घटनाओं के संदर्भ में मुख्यालय स्तर पर किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति न रहे । मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप इन निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करेंगे और मुझे इस विषय पर दुबारा आपको सम्बोधित करने की आवश्यकता नहीं होगी । सूचना भेजने में किसी प्रकार के विलम्ब को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जायेगा ।

भवदीय,

( देवराज नागर )

29-4-13

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद,
उत्तर प्रदेश ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु प्रेषित :-

1- समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0 ।

2. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, उ0प्र0